Roll No. ......

# 501

कक्षा 9 वीं परीक्षा, 2019–20

[7201-A]

# HINDI (Special)

# हिन्दी (विशिष्ट)

[Total No. of Questions: 28] [Total No. of Printed Pages: 08]

[Time: 03 Hours] [Maximum Marks: 100]

*निर्देश :–*

*(1) वस्तुनिष्ठ प्रश्न सबसे पहले हल कीजिए।*

*(2) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक–एक अंक (1X5X5=25) निर्धारित हैं।*

*(3) प्रश्न क्रमांक 6 से 16 तक प्रत्येक के लिए दो–दो अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 30 शब्दों में लिखिए।*

*(4) प्रश्न क्रमांक 17 से 19 तक प्रत्येक के लिए तीन–तीन अंक निर्धारित हैं। (शब्द सीमा 30 से 75 शब्द है।)*

*(5) प्रश्न क्रमांक 20 से 25 तक प्रत्येक के लिए चार–चार अंक निर्धारित हैं। (शब्द सीमा 75 से 120 शब्द है।)*

*(6) प्रश्न क्रमांक 26 एवं 27 के लिए पाँच– पाँच अंक निर्धारित हैं। (शब्द सीमा 120 से 150 शब्द है।)*

*(7) प्रश्न क्रमांक 28 के लिए (7+3=10) दस अंक निर्धारित हैं। "अ" के लिए सात अंक तथा "ब" के लिए तीन अंक। (शब्द सीमा 200 से 250 शब्द है।)*

*(8) प्रत्येक प्रश्न के लिए आवंटित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।*



https://www.evidyarthi.in/

प्र.1 निम्नलिखित कथनों के सही विकल्प चुनकर लिखिए– (5×1=5)

(1) स्वतंत्रता का दीपक कविता के कवि हैं–

(अ) गोपालसिंह नेपाली (ब) कबीरदास

(स) जयशंकर प्रसाद (द) जायसी

(2) अतिथि के आने पर अनुभूति होती है–

(अ) आनंद की (ब) खेद की

(स) निराशा की (द) खेद और निराशा की

(3) हमारी पृथ्वी को सूर्य की परिक्रमा करने में दिन लगते हैं–

(अ) 308 दिन (ब) 365 दिन

(स) 300 दिन (द) 370 दिन

(4) दो वर्णों के मेल को कहते हैं–

(अ) समास (ब) अलंकार

(स) संधि (द) प्रत्यय

(5) काव्य की शोभा बढ़ाने वाले तत्वों को कहते हैं–

(अ) अलंकार (ब) रस

(स) छन्द (द) स्थाई भाव

प्र.2 उचित शब्द का चयन कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– (5×1=5)

(1) ज्ञानमार्गी धारा के कवि............................................................हैं। (जायसी/कबीर)

(2) गंगा नदी की पहली तथा बड़ी सहायक नदी..............................है। (यमुना/नर्मदा)

(3) राणा प्रताप की तलवार अजब विषैली..............................थी। (गिलहरी/नागिन)

(4) सदाचार का विलोम............................................................है। (दुराचार/कदाचार)

(5) छन्द............................................................................प्रकार के होते हैं। (दो/चार)



https://www.evidyarthi.in/

प्र.3 सही जोड़ी का मिलान कीजिए– (5×1=5)

| | अ | | ब |
|---|---|---|---|
| (1) | सुजान | (1) | धरा |
| (2) | अंधों का हाथी | (2) | महाकाव्य |
| (3) | चलना, आगे बढ़ना मनुष्य का | (3) | घनानन्द |
| (4) | भूमि | (4) | शरद जोशी। |
| (5) | रामचरित मानस | (5) | स्वाभाविक धर्म है |

प्र.4 निम्नलिखित वाक्यों के लिए सत्य/असत्य लिखिए– (5×1=5)

(1) कवि वृन्द का पूरा नाम वृन्दावन था।

(2) बड़े घर की बेटी एकांकी विधा है।

(3) विक्रम सारा भाई एक महान वैज्ञानिक थे।

(4) 'छक्के छुड़ा देना' मुहावरे का अर्थ है– 'हरा देना'।

(5) तीन वर्णों के समूह को गण कहते हैं।

प्र.5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द/एक वाक्य में लिखिए– (5×1=5

(1) डिठौना किसे कहा है?

(2) मांगलिक द्रव्यों में किसे आवश्यक रखा जाता है?

(3) सिपाही ने अपना पत्र कहाँ से लिखा था?

(4) लोकोक्ति का अर्थ क्या होता है?

(5) रस के कितने अंग हैं?

प्र.6 मीरा बाई को कौन–सा रत्न प्राप्त हुआ था? (2)

**अथवा**

कवयित्री ने बचपन के आनंद को पुनः कैसे पाया?

प्र.7 'सुजान अनीति करौ' – से कवि का क्या तात्पर्य है? (2)

**अथवा**

सच्चे मित्र की क्या पहचान है?



evidyarthi
https://www.evidyarthi.in/

प्र.8 कवि ने धरती में क्या बोया? (2)

अथवा

स्वतंत्रता को 'निशीथ का दिया' क्यों कहा गया है?

प्र.9 शबरी के आश्रम में कौन आए थे? (2)

अथवा

कवि 'मन' में किस बात के लिए इंगित करते हैं?

प्र.10 जीवन मार्ग में काँटे और कलियाँ क्या हैं? (2)

अथवा

कवि को घर की याद क्यों आ रही है?

प्र.11 भारत में जन्म लेने पर विवेकानंद जी को क्यों अभिमान है? (2)

अथवा

नदियाँ हमारे जीवन के किस–किस पक्ष को समृद्ध करती हैं?

प्र.12 लेखक के अनुसार मैना कैसा पक्षी है? (2)

अथवा

चित्तौड़ में दीपदान का उत्सव क्यों मनाया जा रहा था?

प्र.13 आनंदी का विवाह किसके साथ हुआ था? (2)

अथवा

मनोहर और रामेश्वरी का क्या रिश्ता था?

प्र.14 कविता के कितने पक्ष होते हैं? (2)

अथवा

प्रबंध काव्य के कितने भेद होते हैं?

प्र.15 पेड़–पौधे हमारे लिए किस प्रकार फायदा देते हैं? (2)

अथवा

तत्सम शब्द लिखिए। (कोई दो)



https://www.evidyarthi.in/

प्र.16 तद्भव शब्दों को पहचान कर लिखिए। (कोई दो) (2)

हस्त, मिट्टी, मोर, स्वप्न, हाथ

**अथवा**

अपनी सुबह से रात तक की दिनचर्या लिखिए।

प्र.17 निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए– (3)

(1) अंगूठा दिखाना

(2) नौ दो ग्यारह होना

(3) छक्के छुड़ाना

**अथवा**

निम्नलिखित शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिए–

हरि, तन, भूमि

प्र.18 निम्नलिखित शब्दों की संधि कीजिए– (3)

(1) पौ + अक

(2) सु + आगत

(3) देव + आलय

**अथवा**

तत्सम शब्द की परिभाषा लिखिए।

प्र.19 खण्डकाव्य और महाकाव्य में अंतर लिखिए। (3)

**अथवा**

अनुप्रास अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

प्र.20 आदिकाल को वीरगाथा काल क्यों कहा गया है? इसकी विशेषताएँ लिखिए। (कोई दो) (4)

**अथवा**

भक्तिकाल की चार विशेषताएँ लिखकर, इस काल के चार कवियों के नाम लिखिए।



https://www.evidyarthi.in/

प्र.21 कहानी की विशेषताएँ लिखिए। (4)

अथवा

एकांकी की चार विशेषताएँ लिखिए।

प्र.22 निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ – प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए– (4)

काज परे कछु और है, काज सरे कछु और।
रहिमन भँवरि के भये, नदी सिरावत मौर।।

अथवा

ऊँच–नीच का ज्ञान नहीं था छुआछूत किसने जानी?
बनी हुई थी आह, झोपड़ी और चीथड़ों में रानी।।

प्र.23 निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ, प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए– (4)

चाँदनी की ताज़गी और शीतलता का आनंद वह मनुष्य लेता है जो दिनभर धूप में थककर लौटा है, जिसके शरीर को अब रतनाई की जरूरत मालूम होती है और जिसका मन यह जानकर संतुष्ट है कि दिन भर का समय उसने किसी अच्छे काम में लगाया है।

अथवा

इसकी भावहीन दृष्टि की करुणा व्याकुलता जो कुछ समझती है, उसे समझा नहीं पाती और मुझे इस सृष्टि में मनुष्य का सच्चा परिचय समझा देती है। इस प्रकार कवि की मर्मभेदी दृष्टि ने इस भावहीन प्राणी की करुणा दृष्टि के भीतर उस विशाल मानव–सत्य को देखा है, जो मनुष्य, मनुष्य के अंदर नहीं देख पाता।



https://www.evidyarthi.in/

प्र.24 मीराबाई अथवा सुमित्रानंदन पंत का काव्य परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए–

(1) दो रचनाएँ (1)

(2) भावपक्ष (1)

(3) कलापक्ष (1)

(4) साहित्य में स्थान (1)

प्र.25 विद्यानिवास मिश्र अथवा प्रेमचन्द का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए– (4)

(1) दो रचनाएँ

(2) भाषा – शैली

(3) साहित्य में स्थान

प्र.26 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

एकल परिवारों के चलन से मित्रता का महत्व और अधिक बढ़ा है। संयुक्त परिवारों के अभाव में विपरीत परिस्थितियाँ मित्रता की माँग करती हैं। चूंकि मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है, अतः उसके सामाजिक विकास में मित्र की अहम् भूमिका रहती है। परिचित तो बहुत होते हैं, पर मित्र बहुत कम हो पाते हैं, क्योंकि मैत्री एक ऐसा भाव है जिसमें प्रेम के साथ समर्पण और त्याग की भावना मुख्य होती है। मैत्री में सबसे आवश्यक है – परस्पर विश्वास।

(अ) उपर्युक्त गद्यांश का उपर्युक्त शीर्षक लिखिए। (2)

(ब) मित्रता का महत्व अब क्यों बढ़ गया है? (1)

(स) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए। (2)

प्र.27 जिलाधीश महोदय को परीक्षा समय में ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर प्रतिबंध लगाने हेतु प्रार्थना–पत्र लिखिए। (5)



https://www.evidyarthi.in/

अथवा

अपने बड़े भाई के विवाह में मित्र को आमंत्रित करने हेतु पत्र लिखिए।

प्र.28 (अ) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 200–250 शब्दों में सारगर्भित निवंध लिखिए– (7)

(1) साहित्य और समाज

(2) वनों का महत्व

(3) जल ही जीवन है

(4) विज्ञान के चमत्कार

(5) भारतीय लोकतंत्र

(ब) निम्नलिखित में से किसी एक विषय की रूपरेखा लिखिए– (3)

(1) भ्रष्टाचार की समस्या

(2) परोपकार

(3) विद्यालय का वार्षिकोत्सव

(4) पुस्तकालय

(5) भारतीय नारी

---



https://www.evidyarthi.in/